दिन–शनिवार दिनांक– 20 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज तीर्थनगरी गयाजी पहुँकर पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान किया। राष्ट्रपति ने विष्णुपद मंदिर परिसर स्थित तीन प्रमुख पिंडवेदियों पर पिंडदान किया। श्रीमती मुर्मु ने गर्भगृह में भगवान विष्णु की चरण की पूजा अर्चना की और सर्वकल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया। इधर, पितृपक्ष मेले में देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पूर्वजों और दिवंगत आत्माओं की स्मृति में पिंडदान और तर्पण करने पहुँच रहे हैं। कल पितृपक्ष मेले का समापन हो जाएगा।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के तारामंडल में वर्चुअल रियलिटी थियेटर का उद्घाटन किया। श्री कुमार ने एस्ट्रो पार्क, भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्श बस सेवा, इंटर्नशिप पोर्टल समेत कई अन्य योजनाओं का भी शुभारंभ किया। इधर, एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में दो हजार नौ सौ बीस करोड़ रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। इसके साथ ही नौ सौ अट्ठावन करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली आधारभूत संरचनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव लगातार संवैधानिक संस्था का अपमान कर रहे हैं। रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि राहुल गांधी के बयान हताशा से भरे हुए हैं और लगता है कि परिणाम से पहले ही उन्होंने हार मान ली है। उन्होंने तेजस्वी प्रसाद यादव के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर दिये बयान को लेकर कहा कि नीतीश कुमार जैसे अनुभवी नेता कभी हाईजैक नहीं हो सकते।

————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की बिहार अधिकार यात्रा आज समस्तीपुर पहुंची। श्री यादव ने सरायरंजन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन जनता से किये हर बादे को पूरा करेगा। श्री यादव यात्रा के अगले पड़ाव में वैशाली के पातेपुर, हाजीपुर और महुआ विधानसभा क्षेत्र में भी सभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————

मानसून की ट्रफ रेखा प्रदेश के दक्षिण—पूर्वी भागों से गुजर रही है, जिसके कारण राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में रघुनाथपुर में सबसे अधिक बेरानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, पूर्णिया और भोजपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही राज्य के दक्षिण—मध्य और उत्तर—पूर्व भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

————————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण गंगा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट और हाथीदह तथा भागलपुर और कहलगांव में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली और गंगपुर सिसवन में लगातार बढ़ रहा है। गंडक और बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में भी कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया। इधर, कमलावलान, कोसी और महानंदा नदी के जलस्तर में भी उफान की स्थिति बनी हुयी है।

————————————————————————

दरभंगा जिले के जाले प्रखंड अंतर्गत मुरैठा गांव में तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे और सैयद शाहनवाज हुसैन ने भागलपुर में एनडीए के सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में घटक दलों के वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं।

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहटा चौक के पास छापेमारी करने गयी उत्पाद विभाग की टीम पर आक्रोशित लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला एएसआई समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।